हिन्दी पखवाड़ा – समापन समारोह

भाकृअनुप- राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर में 30 सितंबर 2024 को हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक डा जी पी रेड्डी द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडबल्यूएस कॉलेज के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष(हिन्दी) डा मिथलेश अवस्थी थे। डा अवस्थी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी भारतीय भाषाएँ समृद्ध एवं अभिव्यक्ति सम्पन्न हैं। परंतु अखिल भारत में बोली और समझी जानी वाली हिन्दी को ही संविधान में संघ की राजभाषा के रूप में उपबंधित किया गया है। हिन्दी के प्रति हमारे मन में न तो किसी भी प्रकार का दुराग्रह और न ही पूर्वाग्रह होना चाहिए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डा रेड्डी ने भारतीय भाषाओं की साम्यता को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करते हुए, हिन्दी की सरलता को रेखांकित किया। इस अवसर पर हिन्दी के महत्त्व को प्रदर्शित करती, ब्यूरो कार्मिकों द्वारा तैयार लघु नाटिका के मंचन को सभी के द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन, उप निदेशक(राजभाषा) श्री देवेन्द्र कुमार धरम द्वारा किया गया।

Hindi Fortnight concluded on 30th September 2024 at ICAR-National Bureau of Soil Survey and Land Use Planning, Nagpur. Certificates and cash prizes were distributed to the winners of the programs and competitions organized during the fortnight. The program was presided over by Acting Director Dr G P Obi Reddy. Dr. Mithlesh Awasthi, retired Head of the Department (Hindi) of PWS College, Nagpur was the chief guest.

Dr. Awasthi in his address said all Indian languages are prosperous in their expression. But Hindi, which is spoken and understood accross the country, has been given the status of the official languge of the union in our Constitution. In his address, Dr. Reddy underlined the easiness of Hindi while mentioning the similarity of other Indian languages through various examples. On this occasion, staging of a short drama prepared by the Bureau personnel, showcasing the importance of Hindi, was especially appreciated by everyone. The program was coordinated and conducted by Deputy Director (Official Language) Mr. Devendra Kumar Dharam.

प.-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि
नागपुर-440033
हिन्दी
से 30 सितंबर
डा. मिथलेश अवस्थी